रोल नं. ......................

# 1111

## कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2023-24

# अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23)
(समय : 03 घण्टे)

(कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 07)
(पूर्णांक : 80)

---

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं प्रत्येक के लिये 1 अंक आवंटित है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 2 अंक आबंटित हैं। "शब्द सीमा 30 शब्द"।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3 अंक आबंटित हैं। "शब्द सीमा 75 शब्द"।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक आबंटित हैं। "शब्द सीमा 120 शब्द"।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।*

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(1) जब कोई व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को संतुष्ट करने के लिए वस्तुएं खरीदता है, तो वह कहलाता है –

(अ) उपभोक्ता

(ब) उत्पादक

(स) सेवाधारी

(द) सेवा प्रदाता

(2) सांख्यिकी के जन्मदाता हैं –

(अ) मार्शल

(ब) एचेनवाल

(स) गाल्टन

(द) बाउले

(3) "झूठ तीन प्रकार का होता है – झूठ, सफेद झूठ, समंक" यह कथन किसका है?

(अ) मार्शल

(ब) गाल्टन

(स) डिजरायली

(द) हैफ

(4) तृतीय क्षेत्र में शामिल है –

(अ) सेवायें

(ब) उद्योग

(स) कृषि

(द) आखेट

(5) भारत में रेल सेवा प्रारम्भ हुई थी –

(अ) 1863 में

(ब) 1873 में

(स) 1853 में

(द) 1883 में

(6) देश में नीति आयोग की स्थापना हुई थी –

(अ) 1 जनवरी 2015 को

(ब) 1 अप्रैल 2015 को

(स) 1 अगस्त 2015 को

(द) 1 अक्टूबर 2015 को

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

(1) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में प्रत्येक साहसी अपने लाभ को..................करना चाहता है।

(2) नियोजित आर्थिक व्यवस्था में आर्थिक सत्ता का..................................हो जाता है।

(3) स्वतंत्रता से पूर्व.................................उद्योग का केन्द्रीयकरण बंगाल राज्य में था।

(4) स्वतंत्रता प्राप्त के समय कृषि क्षेत्र में उत्पादकता का स्तर..................................था।

(5) केन्द्रीय प्रवृत्ति का सर्वश्रेष्ठ माप..........................................................................है।

(6) वर्गीकरण..........................................................................................का आधार है।

प्र.3 सत्य अथवा असत्य बताइये –

(1) गुणात्मक तथ्यों का सारणीयन किया जा सकता है।

(2) वर्गीकरण काल्पनिक आधार पर नहीं हो सकता है।

(3) सरकारी प्रकाशन द्वितीयक समंक होते हैं।

(4) सूचक स्वयं प्रश्नावली भरते हैं।

(5) जटिल तथ्यों को सांख्यिकी सरल रूप में प्रस्तुत करती है।

(6) समंक तथ्यों के समूह होते हैं।

प्र.4 सही जोड़ी बनाइये –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | राष्ट्रीय आय की गणना | (अ) | द्वितीयक क्षेत्र |
| (2) | भारत में प्रथम जनगणना | (ब) | तीन चरणों में विभाजित |
| (3) | योजना आयोग का गठन | (स) | दादाभाई नौरोजी |
| (4) | उद्योग निर्माण | (द) | 1881 |
| (5) | औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था | (ई) | 1950 |
| (6) | आधारिक संरचना | (य) | संचार |
| (7) | राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन | (र) | 1952 |

प्र.5 एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर दीजिए –

(1) वर्तमान में आर्थिक क्रियाओं का मुख्य आधार क्या है?

(2) अर्थशास्त्र का जनक कौन है?

(3) आर्थिक क्रिया से क्या अभिप्राय है?

(4) एक वचन में सांख्यिकी को क्या कहा जाता है?

(5) अनुसंधानकर्ता द्वारा एकत्रित समंक क्या कहलाते हैं?

(6) भारत में जनसंख्या की गणना के लिए कौन–सी विधि अपनायी जाती है?

(7) उस सांख्यिकीय विधि का नाम बताइये जो कम खर्चीली है।

प्र.6 "राजस्व" से आप क्या समझते हैं?

**अथवा**

अर्थशास्त्र के विभागों के नाम लिखिए।

प्र.7 सांख्यिकी क्या है?

**अथवा**

आर्थिक समस्याओं के कारण बताइये।

प्र.8 सांख्यिकी की दो विशेषताएं लिखिए।

**अथवा**

अर्थशास्त्र के अध्ययन में सांख्यिकी का महत्व लिखो।

प्र.9 प्राथमिक समंक किसे कहते हैं?

**अथवा**

जनगणना से क्या आशय है?

प्र.10 सारणीयन का क्या अर्थ है?

**अथवा**

समान्तर माध्य का सूत्र लिखो।

प्र.11 चतुर्थक विचलन किसे कहते हैं?

**अथवा**

एक आदर्श माध्य के गुण लिखो।

प्र.12 बाजार अर्थव्यवस्था का अर्थ बताइये।

**अथवा**

आर्थिक नियोजन से क्या आशय है?

प्र.13 राष्ट्रीय आय का अर्थ बताइये।

**अथवा**

सतत् विकास से क्या आशय है?

प्र.14 बारम्बारता वितरण क्या है? समझाइये।

**अथवा**

बिन्दु रेखीय प्रदर्शन से आप क्या समझते हैं?

प्र.15 विस्तार का सूत्र लिखो।

**अथवा**

प्रो. मार्शल की परिभाषा दीजिए।

प्र.16 आर्थिक और गैर आर्थिक गतिविधियों में अंतर स्पष्ट करो।

**अथवा**

सांख्यिकीय विधियाँ क्या हैं? उनके नाम लिखो।

प्र.17 मिश्रित अर्थव्यवस्था के गुण लिखो।

**अथवा**

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की विशेषताएं बताइये।

प्र.18 प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों में अंतर स्पष्ट करो।

**अथवा**

जनगणना विधि द्वारा सर्वेक्षण में आने वाली समस्याएं बताइये।

प्र.19 रेलवे के निर्माण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना को कैसे प्रभावित किया?

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से समान्तर माध्य ज्ञात करो –

15, 25, 30, 35, 40, 45, 50, 55

प्र.20 क्या सांख्यिकी पर अविश्वास न्याय संगत है? उपयुक्त उदाहरण से तर्क प्रस्तुत करें।

**अथवा**

अनुसंधान में सांख्यिकी का महत्व स्पष्ट कीजिए।

प्र.21 गतिहीन अर्थव्यवस्था से क्या तात्पर्य है? ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था कैसी थी? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

माध्यिका क्या है? इसकी गणना कैसे की जाती है?

प्र.22 प्रश्नावली किसे कहते हैं? एक अच्छी प्रश्नावली की विशेषताएं लिखिए।

<u>अथवा</u>

साक्षात्कार का उदाहरण प्रारूप बनायें।

प्र.23 भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व की व्याख्या कीजिए।

<u>अथवा</u>

क्या चीजों को वर्गीकृत करने से लाभ हो सकता है, दैनिक जीवन के उदाहरण देकर समझाइये।

---